हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–214 : जौनपुर, शुक्रवार 28 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## काशी की तरह नैमिषारण्य का भी होगा कायाकल्प –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : काशी चमक चुकी है, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। मथुरा–वृंदावन के कायाकल्प का काम चल रहा है, अब नैमिषारण्य की बारी है। काशी विश्वनाथ धाम की तरह ही नैमिषारण्य का कायाकल्प होने के बाद यहां धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा, जिससे हर सेक्टर में रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर सृजित होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नैमिषारण्य में आयोजित चुनावी जनसभा में कहीं। उन्होंने यूपी में हो रहे नगर निकाय चुनाव को देवासुर संग्राम बताते हुए कहा कि कभी इसी नैमिषारण्य की भूमि से महर्षि दधीचि ने दैवीय शक्तियों के विजय के लिए अपनी अस्थियां वज्र बनाने के लिए दी थीं। यह समय भी इस चुनाव में दानव रूपी भ्रष्टाचारियों, दुराचारियों, माफिया और अपराधियों को सबक सिखाने का है। ट्रिपल इंजन की सरकार से घर तक पहुंचेंगी बुनियादी सुविधाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत पवित्र और साधकों को सिद्धि प्रदान करने वाली इस तीर्थ भूमि नैमिषारण्य को मैं कोटि कोटि नमन करता हूं। दुनिया का इतिहास भले ही उंगलियों पर गिना जाने वाला है, मगर नैमिषारण्य का इतिहास हजारों–हजार साल पुराना है। भारतीय मनीषियों का संपूर्ण ज्ञान समेटे हुए ये नैमिषारण्य की भूमि हम सभी के लिए सदैव से आस्था का केंद्र रही है। यहां आकर मेरा जन्म और जीवन दोनों धन्य हो गया है। देवासुर संग्राम में यहां पर महर्षि दधीचि ने अपनी अस्थि दानकर जो वज्र प्रदान किया था, उसने दैवीय शक्तियों को विजय प्रदान करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ये चुनाव किसी देवासुर संग्राम से कम नहीं है। डबल इंजन की सरकार के साथ ट्रिपल इंजन के जुड़ने से बुनियादी सुविधाएं घर घर तक पहुंचने लग जाएंगी। जो दानव रूपी भ्रष्टाचारी, दुराचारी, माफिया और अपराधी प्रवृत्ति वालों को दरकिनार करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के मिल सकेगा। नौ साल में इतना विकास हुआ, जो पहले कभी नहीं हुआ मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में देश की तस्वीर बदल चुकी है। नौ साल पहले भारत को लोग संदेह की निगाह से देखते थे। आज परिवर्तन किसी से छिपा नहीं है। भारत के लोगों को पूरी दुनिया में सम्मान मिल रहा है। दुनिया में कहीं भी संकट आता है तो सभी भारत की ओर देखते हैं। सूडान संकट के बाद भारत वहां फंसे अपने नागरिकों को निकालने में सफल हुआ है। यूपी के भी सैकड़ों लोगों को सकुशल वापस लाया जा चुका है। जो काम आजादी के बाद नहीं हुआ, वो बीते 9 साल में हुआ है। गरीबों को आवास, शौचालय, आयुष्मान योजना, फ्री राशन की सुविधा, फ्री कोरोना वैक्सीन का लाभ मिला है। एक तरफ गरीब कल्याण की योजना बिना भेदभाव के पहुंच रही हैं, हाईवे और एक्सप्रेस वे बन रहे हैं,




एयरपोर्ट, आईआईटी और एम्स का निर्माण हो रहा है, तो वहीं गऊ और विरासत का सम्मान भी हो रहा है। पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगा नैमिषारण्य मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि काशी में विश्वनाथ धाम और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। काशी चमक चुकी है, अयोध्या आज नई अयोध्या के रूप में दुनिया में सामने आ गई है। मथुरा–वृंदावन का कायाकल्प हो रहा है। अब नैमिषारण्य की बारी है। हमने अब नैमिषारण्य के कायाकल्प का कार्य शुरू किया है। बहुत शीघ्र यहां इलेक्ट्रिक बस शुरू होने जा रहा है। यही नहीं यहां अगले कुछ महीनों के बाद हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने जा रही है। सड़कों का चौड़ीकरण होगा। नैमिषारण्य का कायाकल्प होगा तो यहां लाखों–करोड़ों की संख्या में पर्यटक आएंगे, जिससे हर सेक्टर में रोजगार का सृजन होगा। कोई होटल, धर्मशाला और गेस्टहाउस से कमाएगा, कोई पूजा का सामान बेचकर तो कोई पूजा कराकर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण करेगा। स्मार्ट सिटी के लिए करें वोट मुख्यमंत्री ने कहा कि नैमिषारण्य हमारे वैदिक ज्ञान की धरोहर है। हर भारतीयों को इसपर गर्व है। डबल इंजन की सरकार ने तय किया है कि जैसे काशी विश्वनाथ धाम का पुनरोद्धार हुआ है, वैसे ही नैमिषारण्य का भी होगा। ओडीओपी के तहत यहां की दरी को विदेशों में एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अमेरिका और यूरोप में यहां की दरियां धूम मचा रही हैं। सीतापुर जनपद में नौ नगर निकाय हैं। मेरी आपसे अपील है कि बिना भेदभाव के अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देने और नगरों को कूड़े की जगह स्मार्ट सिटी का रूप देने के लिए भाजपा को वोट दें। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, सहित सभी 9 नगर निकायों से बीजेपी के अधिकृत चेयरमैन पद प्रत्याशी और पार्षदगण के अलावा भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## बदलापुर थाना अंतर्गत पुलिस मुठभेड़ में असलहा तस्कर गिरफ्तार : एक मौके से फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर थाना अंतर्गत पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में अवैधा असलहो की तस्करी करने वाला शातिर अपराधी/असलहा तस्कर संतोष सिंह गोली लगने से घायल हो गए पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 04 तमन्चा, 03 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतुस, 01 मिस कारतूस .315 बोर व 01 मोटरसाइकिल तथा जामा तलाशी से नगद 1460.00 रूपया बरामद किया है। इस सम्बंद में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी के नेतृत्व में बदलापुर पुलिस टीम द्वारा 1 शातिर अपराधी को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया। थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत चलाये जा रहे चेकिंग व अवैध वाहनध्संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा बदलापुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर अपराधी जो अवैध असलहो का व्यापार करते है बटाऊबीर शाहपुर की तरफ से अबैधा असलहो की बघ्डी खेप लेकर कहीं सप्लाई करने की नियत से आ रहे है। इस सूचना पर बदलापुर द्वारा पुलिस टीम तैयार कर बदलापुर –शाहगंज रोड पर स्थित सरोखनपुर हाईवे अन्डर पास पुलिया के पास सघन चेकिंग लगायी गयी ,चेकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल तेज गति से आती दिखायी पड़ी। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया जाने पर उक्त अपराधियो द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी कार्यवाही से अभियुक्त संतोष सिंह पुत्र रविकान्त सिंह नि0 जजौली थाना भीमपूरा जनपद बलिया गोली लगने से घायल होकर गिर गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 04 तमन्चा .315 बोर व 03 जिन्दा कारतुस .315 बोर , 02 खोखा कारतुस



.315 बोर, 01 मिस कारतूस .315 बोर और 01 मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्रो बरंग काली बिना नम्बर प्लेट तथा जामा तलाशी से नगद 1460 रूपया बरामद हुआ तथा एक अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उचित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है इसके ऊपर कुल 13 मुकदमे दर्ज है। 1–मु0अ0सं0–43/15 धारा 363 भादवि थाना फेफना जनपद बलिया जौनपुर। 2–मु0अ0स0 261/16 धारा 41/411/413/414/419/420/467/468 भादवि थाना भीमपुरा जनपद बलिया। 3–मु0अ0स0 01/18 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली जनपद मऊ । 4–मु0अ0स0 02/18 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना कोतवाली जनपद मऊ। 5–मु0अ0स0 294/18 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद बलिया। 6–मु0अ0स0 296/18 धारा 41/411/412/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना कोतवाली जनपद बलिया। 7–मु0अ0स0 119/18 धारा 379/411 भादवि थाना गडवार जनपद बलिया । 8–मु0अ0स0 29/19 धारा 2,3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली जनपद बलिया। 9–मु0अ0स0 32/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भीमपुरा जनपद बलिया। 10–मु0अ0स0 134/20 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना भीमपुरा जनपद बलिया। 11–मु0अ0स0 181/21 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना भीमपुरा जनपद बलिया। 12–मु0अ0स0 364/22 धारा 41/411/420/467/468/471 भादवि व 3/4/ /25 आ0एक्ट थाना कोतवाली जनपद बलिया। 13.मु0अ0स0 114/23 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## नगर के गली कूंचों में जनसंपर्क कर रहे भाजपा कार्यकर्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। नगर पालिका परिषद गोण्डा में भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी रायचन्दानी को विजय श्री दिलाने के लिए भाजपा टीम नगर के गली कूंचों में सघन जनसंपर्क कर रही है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बीना राय , अर्चना उपाध्याय , ममता श्रीवास्तव , किरण मिश्रा , रानी श्रीवास्तव , रेशमा खत्री , रेखा श्रीवास्तव , सुषमा शुक्ला , नीतू मिश्रा , सुनीता तिवारी के



नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं की हुजूम ने महारानीगंज वार्ड में घर घर जाकर लोगो से मिलकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सहयोग का अनुरोध किया । विष्णुपूरी कालोनी में भाजपा प्रत्याशी के प्रतिनिधि राजेश रायचन्दानी , जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप , पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी , नीरज मौर्या , डॉ रंजन शर्मा , अभिषेक दत्त त्रिपाठी , सिद्धार्थ मिश्रा , श्याम सुंदर मौर्या, पंकज कुमार पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, हरशु तिवारी , देव नारायण मिश्रा , रक्षा राम भारती , विद्या भूषण द्विवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ के साथ घर घर जाकर लोगो से भाजपा पक्ष में मतदान करने अपील की । नगर के अल्पसंख्यक बाहुल्य पटेल नगर पूर्वी वार्ड में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के नगर प्रभारी फैसल शाह अपने सहयोगियों के साथ डोर टू डोर जाकर लोगो से सम्पर्क कर भाजपा पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। टीम में उनके साथ इमरान खान , शहबाज नियाजी , वसीम रजा , रिजवान अंसारी , जियाउर्रहमान , प्रदीप सिंह , कासिम खान सहित दर्जनों अल्प संख्यक कार्यकर्ताओ ने भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित किया । वरिष्ठ नेता व मीडिया प्रभारी शेष नारायण शर्मा ने बताया कि शशांक मिश्रा , उमेश शुक्ला , आनन्द विक्रम सिंह , संतोष सिंह , मनोज श्रीवास्तव , के के श्रीवास्तव , राजा बाबू गुप्ता , पूर्व ब्लाक प्रमुख वैभव सिंह , सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने महाराज गंज एवम कटहरिया मोहल्ला में जाकर डोर टू डोर सम्पर्क कर लोगो से भाजपा को जिताने की अपील की है । निकाय चुनाव में नगर के संभ्रांत मतदाताओं के प्रबल समर्थन से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी रायचंदानी के पक्ष में लहर चल रही है।

## सीएसटीयूपी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट ग्रांट योजना 2022–23 शुरु

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् ने 2017–18 से अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना "सीएसटीयूपी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट ग्रांट स्कीम" शुरू की। इस परियोजना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:– इंजीनियरिंग छात्रों में नवाचार, अनुसंधान और विज्ञान के प्रति रुचि का विकास करना। स्थानीय समस्याओं के समाधान में प्रौद्योगिकी का उपयोग प्रोत्साहित करना। इंजीनियरिंग छात्रों को सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए परियोजनाओं का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करना। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तर प्रदेश) के पास अपना एक नवप्रवर्तन खंड है। नवप्रवर्तन खंड को उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया गया है। वर्तमान में, राधे लाल, संयुक्त निदेशक नवप्रवर्तन खण्ड के प्रभारी हैं। संदीप द्विवेदी नवप्रवर्तन खण्ड में नवप्रवर्तन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। नवप्रवर्तन खंड द्वारा इस परियोजना को वर्ष 2017 में प्रारम्भ किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तर प्रदेश) के द्वारा आयोजित किए जा रहे इस सीएसटी यूपी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट ग्रांट स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रौद्योगिकी कॉलेज और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत बी0टेक0 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों से इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस को आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रोजेक्टस विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विषय विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन के बाद, सीएसटी द्वारा चयनित परियोजनाओं को दो भागों में 20,000 रुपये के अनुदान दिया जाता है तथा विद्यार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि भेजी जाती है। सभी तैयार प्रोजेक्टस की एक प्रदर्शनी लगायी जाती है तथा सर्वश्रेष्ठ तीन प्रोजेक्टस को इस योजना के अंतर्गत पहला पहला पुरस्कार 1,00,000 रुपये, दूसरा पुरस्कार 75,000 रुपये और तीसरा पुरस्कार 50,000 रुपये प्रदान किये जाते हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2022–23 के लिए इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस को आमंत्रित किया है। कुल 58 प्रोजेक्टस को 20000 रूपये की अनुदान राशि के लिए चुना गया तथा इन्हीं 58 प्रोजेक्टस के प्रदर्शन के लिए दिनांक 29 अप्रैल 2023 को विद्यार्थियों की टीमों एवं उनके गाइड के साथ प्रदर्शनी में आमंत्रित किया गया है। 9 सदस्य तकनीकी विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा उनके प्रोजेक्ट का अंतिम मूल्यांकन किया जाएगा तथा उनमें से तीन विजेताओं को भी चयनित किया जायेगा जिन्हें क्रमशः एक लाख, पचहत्तर हजार तथा पचास हजार रूपये की धनराशि एवं प्रमाण पत्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0 की ओर से प्रदान किया जायेगा। इन्जीनियरिंग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थी भी इस प्रदर्शनी का भ्रमण कर सकते हैं। यदि किसी जनसामान्य को इस प्रदर्शनी का भ्रमण करना है तो वे नवप्रवर्तन खण्ड से सम्पर्क कर सकते हैं। यह कार्यक्रम परिषद के परिसर विज्ञान भवन में आयोजित हो रहा है तथा इसमें मुख्य अतिथि आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन रहेंगे तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के सचिव श्री शिवप्रसाद एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उत्तर प्रदेश के निदेशक अनिल यादव सम्पूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे तथा विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। आप सभी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित सीएसटी यूपी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट ग्रांट स्कीम की प्रदर्शनी में भ्रमण हेतु सादर आमंत्रित हैं। आपके आने से उत्तर प्रदेश के इन्जीनियरिंग विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा।

## जिलाधिकारी जौनपुर की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं जिला कन्वर्जेन्स कमेटी की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति/जिला कन्वर्जेन्स कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार देर सायं सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार के द्वारा पर्यवेक्षित पोषण ट्रैकर ऐप के 0 से 06 वर्ष के बच्चों की वजन–लम्बाई, खाद्यान वितरण, आँगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रत्येक माह किये जा रहे गृह भ्रमण की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती किये गये गम्भीर कुपोषित बच्चों, वर्ष 2020–21 में निर्माणाधीन 11 ऑगनबाड़ी केन्द्र एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 में स्वीकृत आगनबाडी केन्द्र भवन निर्माण, आँगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा दी जाने वाली शाला पूर्व शिक्षा, आगनबाडत्री केन्द्रों पर आयोजित की जानी वाली सामुदायिक आधारित गतिविधियों, आकाक्षात्मक विकासखण्ड में विभाग की प्रगति एवं आंगनबाडी कार्यकर्त्रियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान की समीक्षा की गयी। पोषण ट्रैकर ऐप पर विकास खण्ड रामपुर की फीड़िग की स्थिति खराब होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया गया। जिसमें 0 से 06 वर्ष के बीच "संवेदनशील" समय आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया



कि प्रत्येक बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा सैम बच्चों के पोषण पुर्नवास भर्ती कराया जाय साथ ही कुपोषित बच्चों को फालोअप भी किया जाय साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित हो रहे खाद्यान्न की अन्य विभाग के अधिकारियों से सत्यापन कराया जाय। जिला पोषण समिति में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, जिला खाद्य एवं रसद अधिकारी, नोडल अधिकारी एन0आर0सी0 समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एंव जिला समन्वयक टी0एस0यू0 उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी मछलीशहर श्री दीपक प्रताप चौबे द्वारा किया गया।

## विश्व योग दिवस : एकेटीयू से संबद्ध कॉलेज में रोजाना होगा योगा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व योग दिवस हर साल 21 जून को आयोजित होता है। इस दिन भारत सहित पूरा विश्व योग को उत्सव की तरह मनाता है। एक साथ करोड़ों की संख्या में लोग योगा करते हैं। योगा न केवल तन को बल्कि मन को भी सेहतमंद रखता है। इस बार योग दिवस का थीम है मानवता के लिये योग है। योग दिवस को सफल बनाने के लिए डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय भी प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय ने योग दिवस को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय के निर्देशन में कुलसचिव जीपी सिंह ने संबद्ध संस्थानों में रोजाना योग कराने का निर्देश दिया है। गोद लिये गांवों में दिया जाएगा प्रशिक्षण इसी क्रम में योग दिवस पर विश्वविद्यालय और संबद्ध संस्थानों की ओर से इन गांवों में योग के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। जिससे कि ग्रामीण योग के महत्व को समझ कर उसे अपने जीवनशैली का हिस्सा बना सकें। संस्थानों में योग के लिए किया जाएगा जागरूक विश्वविद्यालय से पूरे प्रदेश में साढ़े सात सौ से ज्यादा संस्थान संबद्ध हैं। योग दिवस के लिए इन संस्थानों में जागरूक किया जाएगा। जिससे कि छात्र, शिक्षक अधिकारी और कर्मचारी योग के महत्व को समझें। वहीं, योग वाले दिन विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध संस्थानों में एक साथ करीब तीन लाख लोग योग करेंगे। वहीं, विश्वविद्यालय में रोजाना प्रातः योग किया जाता है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जो दूसरों को जानता है वह बुद्धिमान है, जो स्वयं को जानता है वह ज्ञानवान है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री की केरल यात्रा और भाजपा का मिशन दक्षिण मृत्युंजय दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में उत्तर, पश्चिम तथा,पूर्वोत्तर भारत में अपनी जड़ें जमाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अब दक्षिण की ओर रुख किया है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है लेकिन उसे अभी तक कर्नाटक को छोड़कर किसी और दक्षिणी राज्य में उल्लेखनीय सफलता अर्जित नहीं हो पाई है । इस बार दक्षिण के लिए भाजपा के तेवर तीखे और विजय की अभिलाषा वाले हैं पार्टी इस बार मोदी जी के नेतृत्व में नई रणनीति के साथ दक्षिण भारतीयों का दिल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं दक्षिण के राज्यों के सघन दौरे कर रहे हैं। केरल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोच्चि व तिरुअनंतपुरम शहरों में आयोजित रोड शो में जिस प्रकार आम जन उमड़ पड़ा, उन पर पुष्पवर्षा की तथा मोदी– मोदी के नारे लगाए उसे देखकर यह लग रहा है कि आने वाला समय केरल व दक्षिण के राज्यों में भी भाजपा का हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दक्षिण मिशन को केवल चुनावी दृष्टिकोण से ही नहीं हो रहा है अपितु "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के विचार की स्थापना के लिए भी हो रहा है । इससे दक्षिण भारत में भाषा समस्या, उत्तर दक्षिण विभाजन, बदलती जन सांख्यकी, धर्म परिवर्तन, राजनीति में परिवारवाद, भ्रष्टाचार आदि पर आम जन को विश्वास में लेकर प्रहार किया जा सकेगा और एक भारत श्रेष्ठ भारत ताथा विकसित भारत और भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री ने अपनी केरल की दो दिवसीय यात्रा में कई कार्यक्रमों में भाग लिया, कोच्चि में उन्होंने युवाओं के कार्यक्रम को संबोधित किया जबकि तिरुअनंतपुरम में वंदे भारत मेट्रो की सौगात दी।केरल यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने पादरियों से मुलाकात की जिससे सेक्लुयर बिरादरी के माथे पर पसीना आ गया। जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिर परिचित अभ्यास है वो जिस प्रान्त में जाते हैं वहीं के परिधान और परंपरा को अपना लेते हैं उन्होंने अपनी केरल यात्रा के दौरान केरल केरल के पारंपरिक परिधान में ही सारे कार्यक्रम और यात्रा संपन्न की। उन्होंने केरल की जनता को वंदे भारत एक्सप्रेस, वाटर मेट्रो सहित विकास योजनाओं के कई उपहार दिए, तिरुअनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में 3200 करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का उन्होंने शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं का संबोधित करते हुए केरल के लिए भविष्य की राजनीति की योजना भी बता दी। उन्होंने राज्य में हो रहे घोटालों तथा भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए कहा कि केरल सरकार व यहां के सभी दल युवाओं के भविष्य के छल कर रहे हैं। केरल सरकार युवाओं के लिए न तो रोजगार मेला आयोजित करती है और न ही सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती विज्ञापन निकालती है जबकि जहां–जहां डबल इंजन की सरकारें हैं वहां पर युवाओं के लिए रोजगार मेलों तथा सरकारी नौकरियों की बयार है।प्रधानमंत्री ने कहाकि भाजपा हमेशा युवाओं के साथ रहेगी जबकि पारंपरिक मोर्चे युवाओं की भलाई का कर्तव्य निभाने में विफल रहे हैं।पिछले कुछ वर्षों में दो पारंपरिक राजनीतिक मोर्चों के बीच वैचारिक मतभेद के कारण केरल में युवाओं ने बहुत सारे अवसर खो दिए। एक पार्टी ने अपने विकास को प्राथमिकता दी तो वहीं दूसरे दल ने परिवारवाद को और दोनों ने ही युवाओं को फेल कर दिया। युवाओं को आकर्षित करने के लिए उन्होंने कहा कि आज देश तेज गति से प्रगति कर रहा है और आप सभी युवा केरल का एक नया इतिहास लिखें और उसका नेतृत्व करें मैं आपका अनुसरण करने के लिए तैयार हूं। केरल हवाई अड्डे पर कांग्रेस के नेता शशि थरूर ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और दोनों नेता एक दूसरे का हाथ थामे नजर आए, उनका यह चित्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस चित्र के सामने आने के बाद राजनैतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि भविष्य में शशि थरूर भी कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का हाथ थाम सकते हैं। केरल में अपनी राजनैतिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा लगातार काम कर रही है और यही कारण है कि भाजपा ने महान धाविका पी. टी. ऊषा को राज्यसभा में मनोनीत किया है। केरल व दक्षिण के राज्यों में ईसाइयों के बीच अपनी पैठ मजबूत करने के लिए भाजपा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके तमाम आनुषांगिक संगठनों का भी सहयोग प्राप्त कर रही है। अभी अल्पसंख्यक पर्वों गुड फ्राइडे आदि के अवसर पर राष्ट्रीय ईसाई मंच की ओर से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया था।संघ के कई पदाधिकारी पादरियों से मिलने गये व विभिन्न विषयों व समस्यायों चर्चा भी हुई। ईसाइयों के बीच भाजपा की छवि को सुधारने के लिए ही प्रधानमंत्री 8 ईसाई पादरियों से भी मिले। केरल में 18 प्रतिशत ईसाई और 28 प्रतिशत मुस्लिम तथा 54 प्रतिशत हिंदू हैं।प्रधानमंत्री ने केरल वासियों से कहा कि जिस प्रकार से अभी हाल ही में नागालैंड, मेघालय व त्रिपुरा में कमल खिला है और बार बार खिल रहा है तथा वहां के अल्पसंख्यक समाज ने जिस प्रकार सभी राजनैतिक अवधारणाओं को बदल कर रख दिया है उससे उनका यह संकल्प और मजबूत हो गया है कि आगामी समय में केरल में भी कमल खिलेगा और सभी अवधारणाओं को विफल करेगा। प्रधानमंत्री दक्षिण में भाजपा को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इससे पूर्व वे तमिलनाडु और तेलंगाना का भी तूफानी दौरा कर आये हैं। इसी वर्ष तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है और वहां पर भी वह वंदेभारत सहित हजारों करोड़ की योजनाओं का उपहार देकर आये थे। प्रधानमंत्री व बीजेपी के ताजा प्रयासों से दक्षिण की राजनीति में एक नई चमक व उत्तेजना दिखाई पड़ रही हैं। बीजेपी व संघ की बढ़ती लोकप्रियता से तमिलनाडु के स्टालिन घबरा रहे हैं तो केरल व कर्नाटक के वामपंथी, कांग्रेसी भी। तमिलनाडु सरकार ने भाजपा व संघ की बढ़ती लोकप्रियता को रोकने के लिए हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथसंचलन को रोकने का असफल प्रयास किया और स्टालिन अपने ही दांव मे घिर गये । प्रधानमंत्री के नेतृत्व व उनके मार्ग निर्देशन में काशी से लेकर गुजरात में तमिल संगमम जैसे आयोजन किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की ताजा दक्षिण यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि जिस राज्य में भाजपा को एक कार्यकर्ता तक खोजे नहीं मिल रहा था उसी राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने व सुनने के लिए लाखों की उत्साहित भीड़ आ रही है। केरल का जनमानस अच्छी तरह से समझ रहा है कि आज भारत का भविष्य प्रधानमंत्री रेंद्र मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है तथा वही राज्य को घोटालों और मुगलिया संस्कृति से आजाद करा सकते हैं। अब केरल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा की बढ़ रही लोकप्रियता के कारण अन्य विचारधारा वाले दलों का साथ भी मिलने लगा है। अभी बीबीसी विवाद के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी ने बीजेपी का दामन थामा। प्रधानमंत्री, भाजपा व संघ की बढ़ती लोकप्रियता के कारण दक्षिण के परिवारवादी नेता एक बार फिर हिंदी विरोध पर उतर आये है। उनको लगता है कि संघ के पथसंचलन पर बैन लगाकर, हिंदी को गाली देकर व अपमानित करके ही दक्षिण में भाजपा की बढ़त को रोका जा सकता है किंतु अब यह तय है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का मन बदल रहा है। अभी कर्नाटक में विधानसभा चुनावों से यह साफ हो जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बीजेपी का दक्षिण विजय का अभियान कितना सफल हो रहा है। कर्नाटक का विधानसभा चुनाव एक लिटमस टेस्ट होगा। विश्लेषकों का अनुमान है कि कर्नाटक में बहुत कांटे की टक्कर हो रही है किन्तु यदि भाजपा सरकार बनाने में चूक भी जाती है तो भी उसका मतलब यह नहीं होगा कि बीजेपी का मिशन दक्षिण फेल हो गया अपितु वह और अधिक मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के संकल्प को रोकना कठिन होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लखनऊ में स्टेट ऑफ आर्ट एडवांस्ड रेडियोग्राफी मशीन का हुआ उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लखनऊ ने चल रहे रजत जयंती वर्ष (25 वर्ष) के दौरान अपनी विशेष उन्नयन पहल के तहत 27 अप्रैल 2023 को ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक डेंटल इमेजिंग सेंटर का उद्घाटन किया। मनोरमा माथुर सेंटर फॉर एडवांस्ड डेंटल इमेजिंग का उद्घाटन मधु माथुर (अध्यक्ष, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) द्वारा किया गया। डॉ. आर. एम. माथुर (संस्थापक प्राचार्य, सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल), डॉ. रजत माथुर (अध्यक्ष, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस), स्मिता माथुर (निदेशक,ै भ्त्ब बी एस एम कॉलेज ऑफ नर्सिंग) और रितु माथुर (निदेशक एचआर, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस), डॉ. के. एन. दुबे (प्रिंसिपल), डॉ. प्रद्युम्न मिश्रा (वाइस–प्रिंसिपल), विभिन्न विभागों के प्रमुख और फैकल्टी सदस्य भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए। सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एक अत्यधिक प्रतिष्ठित और प्रशंसित संगठन है जिसने 1998 में स्थापना के बाद से लगभग 40 लाख मरीजों का इलाज किया है। कॉलेज में दंत चिकित्सा शिक्षा, रोगी देखभाल और अनुसंधान के लिए सबसे आधुनिक बुनियादी ढांचा और सुविधाएं उपलब्ध हैं और नई उन्नत इमेजिंग मशीन ''कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफी'' (सीबीसीटी) की स्थापना इसे उत्तर प्रदेश में इस सुविधा वाले डेंटल कॉलेजों के एक चुनिंदा क्लब में ले जाती है। सीबीसीटी अब दांतों और चेहरे के 2–डी और 3–डी स्कैन प्रदान करेगा, जिससे असाधारण निदान और उपचार क्षमता की सुविधा होगी। यह प्रणाली चेहरे और दांत के हिस्सों/संरचनाओं के दृश्यता को बढ़ाएगी, जो अन्य पारंपरिक इमेजिंग प्रणाली द्वारा संभव




नहीं था। यह तकनीक गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के अलावा अकादमिक शिक्षण और अनुसंधान में भी सहायता करेगी। दंत चिकित्सा के लिए सर्वश्रेष्ठ उपचार चाहने वाले मरीजों को सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अलावा कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि संस्थान ने सीबीसीटी स्कैन प्राप्त करने वाले पहले 100 रोगियों के लिए 50% सब्सिडी की भी घोषणा की है। डॉ. सुनीरा चंद्रा, एचओडी, ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग, फैकल्टी सदस्यों, पीजी छात्रों और विभाग के कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम का आयोजन और समन्वय किया। दशकों से सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भारत में एक उच्च गुणवत्ता वाले डेंटल कॉलेज के रूप में उभरा है और 2016 में NAAC द्वारा 'ए' ग्रेड दिया गया था और 2021 में NIRF द्वारा 27 वें अखिल भारतीय का दर्जा दिया गया था। संस्थान शिक्षा में उच्चतम मानकों को प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया लखनऊ चैप्टर की 35वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एजीएम में सीएसआई सदस्यों ने भाग लिया जिसमें सीएसआई लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सभी सदस्यों और प्रबन्धन समिति 2023–2024 के सदस्यों का स्वागत किया। बैठक एजेण्डा आइटम के अनुसार आयोजित की गई थी। बैठक में आर.ए.एस. त्यागी, अरविंद शर्मा, राकेश पुरी, डॉ. पुनीत मिश्रा, अनिल कुमार श्रीवास्तव, हरीश चन्द्र गुप्ता और अन्य सदस्यों ने भाग लिया। सीएसआई लखनऊ चौप्टर के वाइस चेयरमैन विनय कुमार जौहरी ने बैठक में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया। तत्पश्चात, कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इण्डिया, लखनऊ चौप्टर ने ''करैंट थ्रेट लैंडस्केप'' विषय पर ट्रेंड माइक्रो के सहयोग से ज्ञान साझा करने वाले तकनीकी सत्र का आयोजन किया। कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इण्डिया लखनऊ चौप्टर द्वारा अपना कीमती समय निकालने के लिए अतिथि वक्ताओं का स्वागत व अभिनन्दन किया गया। पवित्र कौशिक, बिजनेस हेड स्टेट गवर्नमेंट बिजनेस, ट्रेंड माइक्रो और श्री गोविंद सिंह, हेड टेक्निकल स्टेट गवर्नमेंट बिजनेस ट्रेंड माइक्रो ने ''करैंट थ्रेट लैंडस्केप एण्ड अटैक लाइफ साइकिल – कनेक्टेड थ्रेट डिफेंस एंड इम्पोर्टेंस ऑफ थ्रेट इंटेलिजेंस'' पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने ज्ञात, अज्ञात और




अप्रकाशित साइबर खतरों से सम्बन्धित जाँच और शमन रणनीतियों को भी कवर किया। सत्र के मॉड्यूल्स जानकारीपूर्ण, शिक्षाप्रद थे। सीएसआई सदस्यों, एनआईसी अधिकारियों, शासकीय अधिकारियों, वित्तीय क्षेत्र के अधिकारियों और शिक्षाविदों सहित गरिमापूर्ण दर्शकों द्वारा अच्छी तरह से भाग लिया गया था। कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया के रीजनल वाइस प्रेसिडेन्ट अरविंद शर्मा ने अतिथि वक्ताओं – ट्रेंड माइक्रो के पवित्र कौशिक और गोविंद सिंह तथा तकनीकी सत्र में भाग लेने वाले दर्शकों को धन्यवाद दिया। तकनीकी सत्रों को हकीकत में लाने के लिए ट्रेंड माइक्रो लखनऊ के अंकित तिवारी के प्रयासों की सराहना की गयी। प्रतिभागियों के बीच तकनीकी सत्रों में शामिल विभिन्न पहलुओं पर चर्चा तथा रात्रिभोज के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मेदांता लखनऊ ने अपनी मातृ शिशु एवं नवजात बच्चों से जुड़ी सेवाओं का पूरा किया एक वर्ष

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मेदांता अस्पताल लखनऊ को शुक्रवार को अपनी नियोनेटल इंटेसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) के एक वर्ष पूरा होने की घोषणा की है। उच्च तकनीक से लैस लेवल 3 एनआईसीयू यूनिट ने पिछले वर्ष 99 फीसदी से अधिक सफलता की दर हासिल की है। अस्पताल में 500 से ज्यादा 'चुनौतीपूर्ण बाल चिकित्सा से जुड़े मामलों का सफल इलाज किया गया है। मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि पहले, माता–पिता को अपने बच्चों में जटिल बीमारियों के इलाज के लिए राज्य से बाहर दिल्ली के केंद्रों में जाना पड़ता था। लेकिन मेदांता, लखनऊ में एनआईसीयू यूनिट की स्थापना के बाद से, बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, सीवीटीएस सर्जरी, प्रसव पूर्व स्कैनिंग, और कई दूसरे उपचार एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो गए हैं। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में नियोनेटोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आकाश पंडिता ने कहा, ''डॉक्टरों की हमारी विशेष टीम ने कई गंभीर मामलों में सफलता हासिल की है। ऐसा ही एक मामला दो महीने के बच्चे का था जो निमोनिया और लगातार पल्मोनरी हाइपरटेंशन से पीड़ित था। बच्चे को पहले ही कई अस्पतालों में रेफर किया जा चुका था। वह लगभग एक महीने से वेंटिलेटर पर था। हमारी टीम ने उसे हाई फ्रीक्वेंसी वेंटिलेशन के साथ इनहेल्ड नाइट्रिक ऑक्साइड का उपयोग करके एक थेरेपी दी। इस प्रयोग के लिए लखनऊ में ये पहला मामला था जिसमें सफलता हासिल हुई।



पिछले एक वर्ष के दौरान 1500 ग्राम से कम वजन वाले 30 से अधिक समयपूर्व पैदा हुए शिशुओं को स्वस्थ कर सफलतापूर्वक छुट्टी दे दी गई है। '' लखनऊ के मेदांता अस्पताल में प्रसूति और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी की निदेशक डॉ. नीलम विनय ने कहा, ''मेदांता में एनआईसीयू इकाई, उत्तर प्रदेश राज्य में नवजात शिशु की देखभाल के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी है। यहां नवजात बच्चों से जुड़ी हर समस्या का इलाज और देखभाल अब एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। इससे उन माता–पिता को खास तौर पर राहत मिलती है, जिन्हें अपने बच्चे की सबसे अच्छी देखभाल के लिए इधर–उधर भटकना पड़ता था।

## समाजवादी पार्टी के मुखिया तुष्टिकरण की राजनीति करने में लगे हुए हैं –नितिन अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाजवादी पार्टी के मुखिया तुष्टीकरण की राजनीति करने में लगे हुए हैं एक व्यक्ति विशेष जाति को फायदा पहुंचाने के लिए देश की अस्मिता को भी दाव पर लगा दिया है। उक्त वक्तव्य भाजपा के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने आज काशीनाथ गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को संबोधित करते हुए कहे। श्री अग्रवाल जी आज नगर पालिका के प्रत्याशी सुख सागर मिश्र मधुर के प्रचार हेतु जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप लोगों से निवेदन है कि मधुर जी को इतने भारी मतों से विजय बनाएं, जिससे प्रदेश में जनपद हरदोई का नाम रोशन हो जाए। श्री मिश्र जी की जीत तो सुनिश्चित है परंतु इसका अंतर इतना ज्यादा होना चाहिए कि प्रदेश में इतने भारी मतों से कोई भी प्रत्याशी विजय होकर ना आया हो। श्री अग्रवाल जी ने कहा आप सबके भरोसे ही हमारा परिवार हमारे पिताजी पिछले 50 वर्षों से इस जनपद में आप लोगों की सेवा कर रहे हैं सन 2008 से आप सबके बीच आपके आशीर्वाद से आपका यह बेटा हरदोई के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहता है जनपद में मेडिकल कॉलेज हो या रिंग रोड लाने का काम आपके इस बेटे ने किया है। उम्मीद ही नहीं वरन विश्वास है कि आप लोगों का आशीर्वाद इस बेटे को हमेशा की तरह इस बार भी मिलेगा। इस अवसर पर प्रत्याशी मधुर मिश्रा नाम प्रबुद्ध



जनों से ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने एवं वोट देने की अपील की, सभा की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ डॉक्टर डॉ जेके वर्मा ने मधुर जी को भारी मतों से जिताने की अपील की इस अवसर पर डॉक्टर अजय अस्थाना डॉक्टर सौरभ दयाल डॉ तिरुपति आनंद डॉक्टर नवीन सक्सेना लायन हरगोविंद सेठी ज्योति प्रकाश सिन्हा उत्तम श्रीवास्तव जितेंद्र श्रीवास्तव वीरेश श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव महेश अस्थाना धीरज अस्थाना दिनेश अस्थाना आशीष श्रीवास्तव पंकज अस्थाना राजवर्धन श्रीवास्तव शीलू सिन्हा रिशु सिन्हा अविनाश गुप्ता सुशील रस्तोगी सुनील रस्तोगी, आशीष अस्थाना, निश्चल खरे सुयस खरे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## गोरखपुर से कोलकाता तक जुड़ा है सोने की तस्करी का नेटवर्क : बैंकाक का भी है संबंध

गोरखपुर ब्यूरो : सोने की तस्करी का नेटवर्क गोरखपुर से कोलकाता तक जुड़ा हुआ है। इसमें शामिल लोग अपने संबंधों के सहारे बैंकाक से अवैध सोने की खेप भारत लाते हैं और फिर कोलकाता में तय होता कि इसे कहां भेजा जाएगा। ज्यादातर माल गोरखपुर के आसपास ही खपाया जाता है। विदेशी सोना लाने में 20 फीसदी की टैक्स चोरी होती है, वहीं बैंकाक का सोना सौ फीसदी खरा माना जाता है। लिहाजा नकली हॉलमार्क वाले जेवरों पर इसकी परत चढ़ाने पर यह पूरी तरह से असली दिखता है। डीआरआई की टीमों की अभी तक की पड़ताल में सामने आया है कि इस नेटवर्क में तीन टीमें काम करती हैं। एक बैंकाक से आने वालों से संपर्क करके उनसे सोना मंगाते हैं। दूसरी टीम एयरपोर्ट से सोना लेकर कोलकाता और फिर गोरखपुर आती है। वहीं, तीसरी टीम सोने को धंधे में लिप्त स्वर्ण कारोबारियों तक पहुंचाती है। लंबे समय से खपता है हिंदी बाजार में ऐसा सोना गोरखपुर से पकड़ा गया संतोष लंबे समय से हिंदी बाजार में अवैध सोने का खपाने का काम करता था। ऐसे ही अक्षया तृतीया के पहले भी संतोष गुप्ता अपने सहयोगियों के सहारे कोलकाता से अवैध सोने की खेप गोरखपुर लेकर आया था। हिंदी बाजार के सराफा कारोबारी, जो पहले से ही



अवैध सोने की खरीद करते थे, उन्हें बेच दिया था। पिछले दिनों फर्जी हॉलमार्किंग पर हुई कार्रवाई के बाद बाजार में भी लोग सतर्क हो गए थे। ऐसे में तस्कर को अक्षय तृतीया के समय अवैध सोने के बदले नकद भुगतान नहीं हुआ था। इसी बीच ये सूचना भी डीआरआई की टीम को लग गई। टीम के सदस्य संतोष के साथ उसके सहयोगियों और बाजार के खरीदार सराफा व्यापारियों पर भी नजर रखने लगे। सूचना मिली कि बुधवार को संतोष के पास उसके द्वारा बेचे गए अवैध सोने की रकम मिल जाएगी। इसी सूचना पर बुधवार की दोपहर तीन बजे के करीब डीआरआई की टीम सीधे संतोष के किराए के घर पर पहुंच गई।

## कार्यकर्ताओं को खासी तरजीह देने में माहिर हैं –नरेश अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल अपने कार्यकर्ताओं को कितनी तरजीह देते हैं इसका नजारा आज उस समय देखने को मिला जब वह शाहाबाद के दलेलनगर गांव में अपने भरोसेमंद कार्यकर्ता एवं प्रधान प्रतिनिधि महेश गुप्ता के आवास पर जा पहुंचे देव तुल्य नेता को अपने बीच पाकर लोग गदगद हो गए इस मौके पर श्री अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा क्षेत्र वासियों की समस्याओं का निराकरण की बात कही तथा भारतीय जनता पार्टी और मोदी की उपलब्धियां बताई विकास कार्यों में तेजी आएगी जनहित व जनकल्याण से जुड़े सभी कार्यों का समय बद्ध निस्तारण होगा । इस मौके पर गांव के तमाम लोगों ने पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल को चांदी का मुकुट पहनाकर व माल्यार्पण तथा बुके भेंट कर किया उनका भव्य स्वागत किया तथा लोगों के बीच चर्चा थी कि श्री अग्रवाल अपने कार्यकर्ताओं को तरजीह देने में खासे माहिर है यही वजह है कि उनके कार्यकर्ता



उनके लिए अपनी जान की बाजी तक लगाने के लिए तैयार रहते हैं। उक्त अवसर पर मौजूद रहने वालों में प्रकाश चंद गुप्ता ,महेश गुप्ता, अमित गुप्ता, पंकज गुप्ता पूर्व सभासद राजीव गुप्ता, डब्लू गुप्ता, पत्रकार पीके गुप्ता निजामपुर के पूर्व प्रधान नाजिम, विजय गुप्ता विजय गन हाउस ,पूर्व प्रधान गिरीश चंद गुप्ता ,रानू गुप्ता शिवांशु गुप्ता समेत सैकड़ों अन्य लोग भी शामिल थे।

## आजमगढ़ में लगा 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का बैनर : चुनाव से पहले मतदान का बहिष्कार

आजमगढ़ ब्यूरो : नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के पुरानी कोतवाल से दलालघाट जाने वाले मार्ग पर रोड नहीं वोट नहीं का बैनर लगाया गया है। कारण कि पिछले कई साल से पुरानी कोतवाली से दलालघाट का मार्ग पूरी तरह से जर्जर है। जिससे आवागमन में परेशानी होती है। कई बार इसे बनाने की मांग की गई लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया है। इससे क्षुब्ध मोहल्ले के लोगों ने सीधे मतदान न करने का फैसला लेते हुए बैनर लगा दिया है। निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज



हो गई है। एक तरफ जहां प्रत्याशी वोट मांगने पहुंच रहे तो वहीं दूसरी तरफ मतदाता भी अपनी मांग को लेकर मुखर नजर आ रहे हैं। इसकी बानगी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में देखने को मिल रहा है। नगर पालिका आजमगढ़ में कुल 25 वार्ड है। जिसमें आसिफगंज वार्ड नंबर 21 भी शामिल है। जिसमें पुरानी कोतवाली से दलालघाट की तरफ जाने वाला मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया है। यहां के लोगों ने रोड की समस्या से आजीज होकर मतदान न करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही वहां रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाया है। ऐसे में यहां प्रत्याशी जाने बचते भी नजर आ रहे है। लोगों का यही कहना है कि हमे जब तक रोड नहीं मिलेगा तब तक हम अपना वोट किसी को नहीं देंगे।

# मनोरमा मौर्या के समर्थन में मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने मांगा वोट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पालिका जौनपुर के प्रत्याशी श्रीमती मनोरमा मौर्य और सभासद के प्रत्याशी उर्मिला सिंह के समर्थन में भारी जनसमूह के साथ राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने मांगा वोट। उन्होंने मतदाताओं से जन संपर्क करते हुये कहा कि शहर को व्यवस्थित व विकसित बनाने के लिए अभी भी बहुत काम करने की आवश्यकता है अभी तक जो 20 साल से नगरपालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठी है उन्होंने जिस प्रकार से विकास करना चाहिये था उस तरह का विकास नही हुआ है। नगरपालिका जौनपुर भष्ट्राचार की भेंट चढ़ी है इसलिए आप लोगों को चाहिए कि आप अपना निर्णय सोच समझ कर लेते हुए नगरपालिका जौनपुर के प्रत्याशी मनोरमा मौर्या को मौका दें। ताकि ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जिस तरह से विकास का कार्य कर रही है अगर आप लोग भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने का कार्य किया तो शहर जौनपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार कार्य करेगी तो मेरा वादा है कि शहर का ज्यादा से ज्यादा विकास का कार्य होगा। इसी प्रकार मुगराबादशाहपुर में भाजपा प्रत्याशी कपिल मुनि गुप्ता के पक्ष में राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने सरोखनपुर और मुन्गर डीह में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुये कहा की भाजपा ने अन्य सरकारों के मुकाबले सबसे




अधिक विकास कार्य कराए हैं। देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जिस तरह से विकास का कार्य कर रही है अगर आप लोग भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने का कार्य किया तो नगरपालिका में ट्रिपल इंजन की सरकार कार्य करेगी जो बचा खुचा काम रहेगा वो मैं खुद आप लोग की दूर करूंगी तो मेरा वादा है कि शहर का ज्यादा से ज्यादा विकास का कार्य होगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले जब किसी के घर में तीन या चार बच्ची पैदा हो जाती थी तो उस घर के लोग दब जाते थे परन्तु मोदीजी और योगीजी के रहते हुये अब बच्चियों के शादी की चिन्ता नहीं करना पड़ेगा क्योंकि अब बच्चियों के शादी में पूरी चिन्ता मोदीजी और योगीजी कर रहे है।

# जुलाई तक विद्यालय को बनाया जाय निपुण – डॉ राकेश सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास क्षेत्र सिकरारा के सभी विद्यालयों को निपुण बनाने हेतु प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक डायट प्राचार्य डॉ राकेश सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल की उपस्थिति में पकड़ी ब्लॉक सभागार पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए



डायट प्राचार्य डॉ राकेश सिंह ने कहा कि यहाँ के बीइओ को प्रदेश के टॉप 50 में स्थान दिया गया तो उनकी और यहाँ के शिक्षकों की जनपद के पहला निपुण ब्लाक बनाने की जिम्मेदारी है। जुलाई तक ब्लाक को निपुण बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर आप लोग जुट और हम भी जहाँ भी आवश्यकता होगी विद्यालयों को निपुण बनाने में शिक्षकों के सहयोग में उपस्थित रहेंगे। तथा उन्होंने उपस्थित प्रधानाध्यापकों को विद्यालय को निपुण बनाने के संबंध में महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण ये है कि शिक्षक विद्यालय में बच्चों से आत्मीय संबंध स्थापित करके अपनी कक्षा और बच्चो का स्वामित्व लें, जिससे नियमित उपस्थिति बढ़े और हम आसानी से निपुण लक्ष्य हासिल करा सके। बैठक में एआरपी सुरेश यादव ने आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका पर, शैलेंद्र यादव ने कक्षा 4,5 में उपचारात्मक शिक्षण, अनुपम कुमार ने निपुण तालिका , शैलेश चतुर्वेदी ने 6,7,8 में उपचारात्मक शिक्षण, सुशील उपाध्याय ने 10 प्वाइंट टूल किट पर प्रकाश डाला। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी है हम सभी शिक्षक मिलकर सिकरारा को निपुण ब्लाक बनाने में कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। एसआरजी डॉ कमलेश यादव ने छात्र आत्मीय संबंध , डॉ अखिलेश सिंह ने विभिन्न एप और अजय कुमार मौर्य ने स्कूल रेडिनेस पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने की।

# कोरोना में जब बंद थे कोर्ट तो जालसाजों ने किया यह कारनामा : सच्चाई सामने आने पर मजिस्ट्रेट भी हैरान

सोनभद्र ब्यूरो : कोरोना महामारी के दौरान हर कोई खुद को महफूज करने में जुटा था। कोर्ट–कचहरी भी बंद थे। ऐसे वक्त में जालसाजों के गिरोह का ऐसा कारनामा सामने आया है कि अब हर कोई सकते में है। कोर्ट के फर्जी आदेश और कूटरचित रसीद बनाकर जालसाजों ने जिले के विभिन्न थानों में बंद सैकडों वाहनों को छुड़ा लिया। सार्वजनिक अवकाश और जज के छूट्टी पर रहने वाली तिथियों में भी जाली रसीद और आदेश तैयार किए गए। अब दस्तावेजों के सत्यपन में इसकी पोल खुली है तो मजिस्ट्रेट भी हैरान हैं। फिलहाल इस तरह से 297 वाहन छुड़ाए जाने की पुष्टि हुई है। इस मामले में सीजेएम के आदेश पर अज्ञात वाहन स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद खलबली मच गई है। परिवहन विभाग के भी कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की इसमें संलिप्तता का शक है। पुलिस की जांच में इन चेहरों के बेनकाब होने की आशंका है। मामला यूपी के सोनभद्र जिले से जुड़ा हुआ है। पुलिस को दी तहरीर में फौजदारी लिपिक ने बताया कि कुछ माह पहले परिवहन विभाग में फर्जी रिलीज आर्डर से गिट्टी–बालू लदे वाहनों को छुड़ाने का मामला उजागर हुआ था। इसकी जांच हुई तो विभाग के कुछ कर्मचारियों–अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आई। इसके बाद सदर कोतवाली, चोपन, म्योरपुर, हाथीनाला, विंढमगंज सहित जिले के विभिन्न थानों में केस दर्ज कराया गया था। जांचकर्ता तत्कालीन एआरटीओ



मिर्जापुर की ओर से 30 अगस्त 2022 को सीजेएम कोर्ट को कुल 629 मोटर व्हीकल एक्ट के वादों की सूची प्राप्त कराई गई। यह बताया कि इन प्रकरणों में एक अगस्त 2021 से 31 जुलाई 2022 तक सीएजेएम कोर्ट में आदेश जारी हुआ है। इसी की रसीद एआरटीओ कार्यालय में प्राप्त कराई गई हैं। जब न्यायालय के दस्तावेज से मिलान किया गया तो 304 प्रकरणों की रसीद में त्रुटियां मिली। इसमें भी सात रसीदों की त्रुटियां मानवीय भूल वाली थी, जबकि अन्य रसीद स्पष्ट रूप से कूटरचित तरीके से तैयार किए होने की पुष्टि हुई। अधिकांश रसीदें उन तिथियों पर जारी हुई हैं, जिस तिथि पर न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश था या कोविड महामारी के कारण न्यायालय बंद था। सदर कोतवाल मनोज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# मोबाइल गेंहूँ क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेंहूँ क्रय करने हेतु निम्न निर्देशों के साथ प्रदान की गयी अनुमति

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/जिला खरीद अधिकारी, राम अक्षयवर चौहान ने अवगत कराया है कि जनपद में रबी विपणन वर्ष 2023–24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेंहूँ के राजकीय खरीद बढ़ाने के उद्देश्य से शासन द्वारा मोबाइल गेंहूँ क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेंहूँ क्रय करने हेतु निम्न निर्देशों के साथ अनुमति प्रदान की गयी है :– क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा ग्राम प्रधानों, उचित दर विक्रेताओं एवं किसानों से सम्पर्क करते हुये एक ट्रक के समतुल्य गेंहूँ की उपलब्धता होने की स्थिति में मोबाइल क्रय के माध्यम से खरीद करायी जाये। क्रय किये गये गेंहूँ को सीधे भारतीय खाद्य निगम के निर्धारित डिपो पर सम्प्रदान कराया जायेगा तथा क्रय स्थल से भारतीय खाद्य निगम डिपो तक दूरी क्रय एजेन्सी के जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा प्रमाणित कराते हुए वास्तवित दूरी व ई–टेण्डर की निर्धारित दरों के आधार पर परिवहन व्यय का भुगतान सम्बन्धित क्रय एजेन्सी द्वारा किया जायेगा। मोबाइल क्रय हेतु हैण्डलिंग व क्रीत गेंहूँ का भण्डारण डिपो तक परिवहन का कार्य क्रय केन्द्र पर नियुक्त हैण्डलिंग एवं परिवहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा। मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से होने वाली गेंहूँ खरीद, सामान्य क्रय केन्द्र की भांति किसानों का बायोमैट्रिक सत्यापन कराते हुए की जायेगी। क्रय केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से खरीद की तिथि से ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित उचित दर विक्रेता को सूचित करेंगे तथा ग्राम प्रधान/उचित दर विक्रेता गॉव में स्थित किसानों का मोबाइल टीम के आने की सूचना पूर्व में उपलब्ध करायेंगे। जिस किसी भी ग्राम के किसान भाईयों को अपना गेंहूँ मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से विक्री करना है, वे अपने तहसील/ब्लॉक के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/विपणन निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जौनपुर कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम नम्बर 05452–297973 पर पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 06 बजे के मध्य सम्पर्क स्थापित कर अवगत करा दें, ताकि उनके गेंहूँ के तौल हेतु सम्बन्धित ब्लॉक में संचालित केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय के माध्यम से उनका गेंहूँ तौल करने हेतु तिथि आवंटित करते हुए गेंहूँ तौल कर सकेंगी। उन्होंने ने कहा है कि समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी यथा लेखपाल, कृषि विभाग व मंडी परिषद के कर्मचारी इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए कृषकां को राजकीय क्रय केन्द्रों/मोबाइल क्रय केन्द्रों पर गेंहूँ विक्री हेतु प्रेरित किया जाये।

# अपना दल ने अनुप्रिया पटेल का मनाया जन्मदिन



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस पार्टी जिला कार्यालय वाजिदपुर में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल का 42 वां जन्मदिन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच केक काटकर अत्यंत उत्साह पूर्वक उनका जन्मदिन मनाया।गरीबों को लंच पैकेट तथा मिठाईयां बांटी गई। राष्ट्रीय सचिव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पार्टी की मुखिया एक सशक्त, क्रांतिकारी ,संघर्षशील ,गरीबों पिछड़ों व दलितों की मसीहा और लकीर से हटकर चलने वाली तथा सबसे अलग विचारधारा वाली जन नेत्री हैं।देश में विपक्षी पार्टियों की तरह फूट डालो राज्य करो वाली नीति से ऊपर उठकर केवल देशहित और समाज हित के लिए कार्य करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हक की लड़ाई लड़ने वाली एकमात्र विकल्प अनुप्रिया पटेल ही हैं।श्रीमाली ने बताया कि किसी भी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर पिछड़े और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए वह ऐतिहासिक और उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं इसे पूरा देश देख रहा है। केंद्रीय मंत्री की बढ़ रही लोकप्रियता से विपक्षी पार्टियों के बीच उन्हें अपने अस्तित्व पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल तथा संचालन अनिल जायसवाल ने किया ।

# अटल आवासीय विद्यालय करसड़ा कक्षा 6 में मंडल वाराणसी अन्तर्गत जौनपुर गाजीपुर एवं चंदौली के पात्र बच्चों को दिया जाएगा प्रवेश

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी हिमांशु नागपाल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालय, करसड़ा में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु वाराणसी मंडल के जनपद वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर एवं चंदौली के अन्तर्गत उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों को सामाजिक न्याय की अवधारणा के दृष्टिगत समाज की मुख्य धारा से जोड़े जाने हेतु कक्षा 6 से 12 तक की निःशुल्क गुणवत्तापरक आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ होने जा रही है। अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा–6 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र/छात्राओं का जन्म 01.05.2010 से पहले और 30.04.2013 के बाद नहीं होना चाहिए। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों पर लागू होगा।श्रमिकों के बच्चों के लिए ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जो पंजीयन के उपरांत 01.04.2023 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होंगे। अनाथ श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु पात्र बच्चे जिनकी आयु 10 से 13 वर्ष के मध्य हो। सीटों का आरक्षण कुल सीटों के स्थानों में 27 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग, 21 फीसदी अनुसूचित जाति एवं 02 फीसदी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का प्राविधान है। बालक और बालिकाओं के कुल सीटों का अनुपात 50:50 होगा। राज्य के मानदंडों के अनुसार ''दिव्यांग बच्चों (अर्थात शारीरिक विकलांगता, श्रवण बाधित और दृष्टि बाधित) के लिए आरक्षण का प्रावधान हैं। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्रत्येक छात्र/छात्रा को सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा–5 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 26.05.2023 को पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 01 बजे तक आयोजित होगी परीक्षा में मानसिक क्षमता के 40 प्रश्न अंकगणित के 20 प्रश्न एवं भाषा क्षमता के 20 प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा केन्द्र अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर मंडल के जनपदों वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर एवं चंदौली में आयोजित की जा सकेगी। प्रवेश फार्म/आवेदन पत्र मंडल के सभी जनपद–वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर एवं चंदौली के श्रम विभाग कार्यालय से 28 अप्रैल से निःशुल्क आफलाइन प्राप्त किये जा सकते हैं एवं पूर्ण रूप से भरे फार्म 13 मई तक श्रम विभाग के कार्यालय में जमा कराये जा सकते है।

# व्यापारी नगर पालिका चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने जा रही है –सपा नेता राम आसरे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व राज्य मंत्री राम आसरे विश्कर्मा सपा के नगरपालिका के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर विश्कर्मा समाज का बैठक कर प्रेसवार्ता करते हुए कहा समाजवादी पार्टी नगर पालिका नगर पंचायत का चुनाव बहुत मजबूती से लड़ रही है जिस तरह भाजपा सरकार में लगातार व्यापारियों वर्ग का उत्पीड़न हुआ है उससे आज व्यापारी बहुत नाराज हैं वह अपने आप को सुरक्षित करना चाहता है व्यापारी वर्ग ने इस बार नगर पालिका के चुनाव में जिस तरह समाजवादी पार्टी का समर्थन सड़क पर आकर कर रहा है यह एकता पहली बार देखने को मिली है भाजपा सरकार जब से बनी है कोई अपने दुश्मन को भी इतना प्रताड़ित नहीं करेगा जितना भाजपा सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित कर रही है उनके ऊपर इतने टैक्स लगा दिए गए हैं व्यापारी अपना व्यापार नहीं कर पा रहा है सारा टैक्स में देते देते बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है । व्यापारी नगर पालिका का चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने जा रही है जनपद जौनपुर में 20 सालों से एक ही परिवार का कब्जा है लेकिन मैं जौनपुर के गलियों में टहला हूँ विकास के नाम पर कोई ऐसा काम नहीं किया है वर्तमान अध्यक्ष ने जिसको वो बता सकें वहीं जनमानस में पता चला कि जनता का विकास तो नहीं किए हैं लेकिन अपने घर मकान और व्यापार का विकास पिछले



20 सालों में 50 गुना बढ़ाने का काम किया है ऐसे भ्रष्ट अध्यक्ष को इस बार नगर पालिका की जनता सबक सिखाएगी। वर्तमान अध्यक्ष व्यापारी नेता भी है लेकिन कभी सड़क पर व्यापारियों के हित में लड़ने का काम नहीं किए वर्तमान में जो समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी है लगातार व्यापारियों के हक की लड़ाई सड़क लड़ने और व्यापारी हर दुख दर्द मे साथ रहने काम किया है व्यापारियों के अधिकार की लड़ाई के कारण कितने मुकदमे भी झेल रहा है लेकिन व्यापारियों के उत्पीड़न को कभी बर्दाश्त करने का काम नहीं किया । वहीं आज व्यापारी वर्ग समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट का साथ दे रहा है निश्चित रूप से 20 साल का किला समाजवादी पार्टी ढ़हायेंगा । मुख्य रुप से जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल,पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव,दिनेश फौजी आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी ने निकाली विकास रथ यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव को भी पूरी गंभीरता से ले रही है। हर पल चुनावी मोड में रहने वाली पार्टी विरोधियों के लिए स्थानीय निकाय चुनावों में भी कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए पार्टी की तरफ से निकाली गई विकास रथ यात्रा जौनपुर नगर निकाय में भ्रमण किया जिसमें उपस्थित भाजपा नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी मनोरमा मौर्या को विजय दिलाने



का अपील किया।विकास रथ यात्रा भण्डारी स्टेशन से शुरू हुआ। रथ पर भाजपा प्रत्याशी मनोरमा मौर्या राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश यादव जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी पूर्व सांसद के पी सिंह महाराष्ट्र के भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह पूर्व विधायक हरेन्द्र सिंह जिला महामंत्री द्वय पीयूष गुप्ता सुनील तिवारी मीडिया प्रभारी आमोद सिंह आई टी संयोजक रोहन सिंह शोशल मीडिया संयोजक सिद्दार्थ राय रहे। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोरमा मौर्य रथ का जगह जगह स्वागत किया गया और जगह जगह फूलों की वर्षा की गई। रथ यात्रा के साथ चल रहे जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि यात्रा में कार्यकर्ताओं का उत्साह और उमड़ा जनसैलाब गवाही दे रहा है कि जौनपुर नगर पालिका परिषद कमलमय हो चुका है। अध्यक्ष पद प्रत्याशी मनोरमा मौर्या सहित के सभी 39 वार्डो में भाजपा प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव में ट्रिपल इंजन सरकार बनानी है। विकास कार्यों को और गति देनी है। हमारे पास कानून–व्यवस्था, विकास, बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा है। नगरपालिका अध्यक्ष पद के साथ ही हर वार्ड में सभासद जीतना है ये हमें चिन्ता करना है।

# गैंग रेप कर युवकों ने बनाया वीडियो : दो आरोपी गिरफ्तार : सामान लेकर एक युवक के साथ लौट रही थी महिला

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उरूवा इलाके में एक महिला से गैंग रेप कर मनबढ़ों ने उसका वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। वायरल वीडियो से बुधवार को पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पीड़ित महिला सामने आई और गैंग रेप की पूरी कहानी बयां की। जिसके बाद पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ गैंग रेप, छेड़खानी, लूट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया और दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गुरुवार को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मौका–ए वारदात का निरीक्षण किया। आरोपियो के खिलाफ मौके से फोरेंसिक सबूत भी जुटाए गए। दरअसल, बुधवार को उरुवा क्षेत्र में एक वीडियो जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा था। वीडियो में एक महिला के साथ दो लोग जोर जबरदस्ती कर रहे हैं तो तीसरा वीडियो बना रहा है जबकि महिला के साथ मौजूद एक युवक को तीनों भगा रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद हर बार की तरह इस बार फिर पुलिस इससे पल्ला झाड़ती रही। कहा जाता रहा कि कोई पीड़ित सामने आए कोई तहरीर पड़े तब कार्रवाई की जाएगी। लेकिन वायरल वीडियो जब अफसरों के पास पहुंची तब पुलिस की तेजी दिखी और 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने न सिर्फ उस महिला को तलाश लिया जिसके साथ यह घटना हो रही थी बल्कि घटना में शामिल चार आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य दो की पहचान होने के बाद उनकी तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी। बाइक सवार मनबढ़ों ने दोपहर में किया गैंग रेप महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि यह 24 अप्रैल 2023 की दोपहर में यह घटना हुई है। वह खजनी क्षेत्र की रहने वाली है और उसका मायका गोला क्षेत्र में है। महिला ने बताया कि वह सामान लेने उरूवा क्षेत्र में आई थी। उसके साथ उरूवा थाना क्षेत्र के दुघरा निवासी राधेश्याम था। राधेश्याम अपनी बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने जा रहा था। रास्ते में गजपुर गांव में



स्थित समय माता मंदिर स्थान के पास कचनी नाला के बगल में सुनसान स्थान पर राधेश्याम उसके साथ छेड़खानी करने लगा। इस बीच तीन अन्य युवक आ गए और उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके पास मौजूद मोबाइल तथा तीन हजार रुपये भी लूट लिया। उन युवकों में से एक युवक ने वीडियो भी बनाया था। बाद में उसने वीडियो को वायरल कर दिया। महिला के साथी पर छेड़खानी व अन्य पर गैंग रेप का केस तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला के साथी राधेश्याम पर छेड़खानी तो वहीं अन्य तीनों युवकों पर गैंग रेप, लूट और 67 आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी राधेश्याम निवासी दुघरा तथा गैंग रेप और लूट में शामिल तीन आरोपियों में से एक भीम यादव निवासी मठ भताड़ी थाना उरुवा को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि भीम यादव के दो अन्य साथियों की तलाश में पुलिस की टीम दबिश डाल रही है। आरोपितों के खिलाफ सबूत को जुटाए गए फोरेंसिक नमूने गैंग रेप की घटना सामने आने के बाद गुरुवार को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह, एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने गैंग रेप वाले घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं फोरेंसिक टीम ने मौके से नमूने जुटाए हैं। इस सम्बंध में एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि गैंग रेप का केस दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दो की तलाश में टीमें लगाई गई है। उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके इसके लिए मौके से फोरेंसिक सबूत जुटाए गए हैं। आरोपियों पर गैंगेस्टर की भी कार्रवाई की जाएगी। तीनों आरोपितों का चौथे आरोपित राधेश्याम से कोई सम्पर्क पहले से है या नहीं उसकी भी जांच कराई जाएगी।

# तमंचा व कारतूस के साथ अंतर जनपदीय हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना अंतर्गत वंशीपुर नहर पुलिया के पास से पुलिस ने शुक्रवार को थाने के हिस्ट्रीशीटर व अन्तर जनपदीय अपराध के आरोपित को तमंचा व कारतूस के साथ मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। इस मामले में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के धौरखास गांव निवासी नियाज अहमद आजमगढ़ व जौनपुर में डेढ़ दर्जन से अधिक संज्ञेय अपराधों में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी हेतु कई बार दबिश दी गई। लेकिन पुलिस को कामयाबी नहीं मिल सकी। उसकी गिरफ्तारी के लिए मुखबिर का सहारा लिया गया। शुक्रवार को सटीक सूचना पर उपनिरीक्षक राजित राम यादव वह हमराहियों संग घेराबंदी कर उसे घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के खिलाफ खुटहन थाने में लूट, जानलेवा हमला,गेंगस्टर सहित सात तथा आजमगढ़ जिले के विभिन्न थानों में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# मन की बात : पहले एपिसोड से अब तक यूपी के 71 नायकों और संस्थाओं का किया उल्लेख

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन अक्तूबर 2014 को आकाशवाणी के जरिए ''मन की बात'' कार्यक्रम की शुरुआत की थी। उन्होंने इस कार्यक्रम के पहले ही एपिसोड में मेरठ के गौतम पाल का उल्लेख कर यूपी को स्थान दे दिया था। गौतम पाल ने दिव्यांग बच्चों की बेहतरी के लिए नगर पालिका, महानगर पालिका और पंचायतों में विशेष योजनाओं की जरूरत बताई थी। मोदी ने उनके सुझावों को सराहा था। बाद में केंद्र सरकार ने दिव्यांगों के हित में कई कदम उठाए। मन की बात के अब तक 99 एपिसोड हो चुके हैं। मोदी इन 99 एपिसोड में उत्तर प्रदेश का करीब 71 बार उल्लेख कर चुके हैं। इनमें अभिनव या प्रेरक कार्यों से आम लोगों के जीवन को बदलने में जुटे प्रदेश के 58 नायकों व 11 संस्थाओं का जिक्र शामिल है। 30 अप्रैल को विशेष रूप से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की 100वीं कड़ी को ऐसे खास लोगों के लिए भी यादगार बनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए लखनऊ से दिल्ली तक कार्यक्रम तय हैं। कानपुर के डॉ. अजीत मोहन अर्से से लोगों को निःशुल्क दवाएं बांट रहे थे। रायबरेली के रजनीश बाजपेयी अपने गांव को स्मार्ट गांव के रूप में विकसित करने में जुटे थे। देवरिया के शहीद विजय मौर्या की पत्नी लक्ष्मी पति को खोने के बाद भी देश सेवा के लिए अपनी बेटी को भी सेना में भेजने का जज्बा व्यक्त कर रही थीं। बरेली की दीपमाला पांडेय कोविड काल में वन टीचर–वन कॉल अभियान के जरिए दिव्यांग बच्चों के नामांकन में जुटीं थीं। झांसी की गुरपीत और गुरलीन चावला बुंदेलखंड जैसे सूखाग्रस्त क्षेत्र झांसी में स्ट्राबेरी की सफल खेती कर रहीं थीं। प्रयागराज की मंजू प्रजापति स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व करते–करते सफल उद्यम का संचालन करने लगी थीं। इन सभी को वैश्विक स्तर पर पहचान पीएम मोदी के मन के कार्यक्रम से ही मिली। मोदी ने अलग–अलग एपिसोड में इन सभी का उल्लेख कर लोगों को प्रेरित करने का काम किया। वाराणसी के इंद्रपाल बत्रा अपने घर में लकड़ी के ऐसे घोंसले बनवाए, जिसमें गौरैया रह सके। मोदी ने विलुप्त होती गौरैया को बचाने के बत्रा के प्रयासों को इसी कार्यक्रम में सराहा। चंदौली के शिवपाल सिंह जेवलिन थ्रो के खिलाड़ी हैं। मोदी ने शिवपाल के पूरे परिवार का इस खेल से जुड़े होने का उल्लेख कर खेलों के प्रति इनके समर्पण की तारीफ की। पहले आकाशवाणी और बाद में दूरदर्शन के जरिए प्रसारित होने वाले मन की बात ने न सिर्फ तमाम गुमनाम नायकों को पहचान व सम्मान दिलाया, बल्कि तमाम अन्य लोगों को अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। नदियों के पुनरुद्धार से आईएएस कंचन वर्मा को मिली बड़ी पहचान वर्ष 2005 बैच की आईएएस अधिकारी कंचन वर्मा फतेहपुर की डीएम रही हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में जिले की ससुर–खदेरी नदी और ठिठौरा झील को पुनर्जीवित कराने का भगीरथ काम किया था। ठिठौरा झील से ही ससुर–खदेरी प्रथम और द्वितीय नदी निकलती है। समय बीतने के साथ झील सूख गई थी और नदी भी खत्म होने की कगार पर थी। हालत यह हो गई थी कि लोग नदी में खेती तक करने लगे थे। कंचन वर्मा ने डीएम रहते हुए इस नदी की खुदाई करवाई और झील को भी पुराने स्वरूप में लाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 29 अप्रैल 2018 को मन की बात के 43वें एपिसोड में उनके कार्यों की सराहना की थी। इसके बाद प्रदेश भर में नदियों के पुनरुद्धार की पहल तेज हुई। कंचन को बाद में प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पीएम अवॉर्ड भी मिला। इन 11 सामूहिक पहल का भी जिक्र 1. मुबारकपुर, बिजनौर : देशभर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे ओडीएफ अभियान में बिजनौर जिले के इस गांव के लोगों ने सरकारी धन वापस कर खुद शौचालय बनवाकर मिसाल कायम की थी। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 33वें एपिसोड में मुबारकपुर गांव के लोगों की इस पहल को शामिल कर लोगों को चौंका दिया था। 2. जिला प्रशासन फतेहपुर : 43वें एपिसोड में मोदी ने फतेहपुर में ससुर–खदेरी नाम की दो छोटी नदियों के पुनरुद्धार का उल्लेख किया था। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के 40–45 गांवों के लोगों की मदद और सहयोग से सूख चुकी ससुर–खदेरी नदी को पुनर्जीवित करने का काम किया था। मोदी ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए पशु–पक्षियों, किसानों, फसलों और गांवों के लिए वरदान कहा था। इस कार्य का नेतृत्व वहां की तत्कालीन डीएम कंचन वर्मा ने किया था। 3. बिजनौर के युवा डाक्टरों की पहलः 51वें एपिसोड में मोदी ने बिजनौर के ''हर्ट, लंग्स एंड क्रिटिकल केयर सेंटर'' का उल्लेख किया था। उन्होंने कैंपों के जरिए मुफ्त इलाज मुहैया कराने को निस्वार्थ भाव से सेवा का उदाहरण बताया था। 4. महिला स्वयं सहायता समूह प्रयागराजः मोदी ने 60वें एपिसोड में आर्थिक तंगी और गरीबी से परेशान फूलपुर की महिलाओं का जिक्र किया। इन महिलाओं ने कादीपुर के महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर चप्पल बनाने का हुनर सीखा और आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का संबल बन गईं। ग्रामीण आजीविका मिशन की मदद से इन्होंने चप्पल बनाने की इकाई भी स्थापित कर ली। 5. बाराबंकी के ग्रामीणों की सामूहिकता : पीएम ने 61वें एपिसोड में बाराबंकी में सराही झील के पुनरुद्धार की सामूहिक पहल को साझा किया। यह झील 43 हेक्टेयर में फैली है और अपनी अंतिम सांसें गिन रही थीं। वहां के ग्रामीणों ने अपनी संकल्प शक्ति से किसी भी कमी को आड़े नहीं आने दिया। एक के बाद एक कई गांव आपस में जुड़ते चले गए। इन्होंने झील के चारों ओर एक मीटर ऊंचा तटबंध बना डाला। झील पानी से लबालब है और आस–पास का वातावरण पक्षियों के कलरव से गूंज रहा है। 6. इरादा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, लखनऊ : पीएम मोदी ने 69वें एपिसोड में लखनऊ के 'इरादा फार्मर प्रोड्यूसर' कंपनी का उल्लेख किया। यह एफपीओ लॉकडाउन के दौरान किसानों के खेतों से सीधे फल और सब्जियां लेता था और लखनऊ के बाजारों में बेचता था। बिचौलियों से मुक्ति हो गई और उन्होंने मन चाहे दाम प्राप्त किए। 7. सुमन देवी व स्वयं सहायता समूह बाराबंकी : 70वें एपिसोड में मोदी ने बाराबंकी की सुमन देवी के काम को सराहा। सुमन ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर खादी मास्क बनाना शुरू किया था। ध ीरे–धीरे उनके साथ अन्य महिलाएं भी जुड़ती चली गईं। 8. बांदा के अंध ाव गांव के ग्रामीण : पीएम ने 78वें एपिसोड में बांदा जिले के अंधाव गांव के लोगों के 'खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में' अभियान की तारीफ की। इसके तहत गांव के कई सौ बीघे खेतों में ऊंची–ऊंची मेड़ बनाई गई। इससे बारिश का पानी खेत में इकट्ठा जमाकर जमीन में जाने लगा। अब ये लोग खेतों की मेड़ पर पेड़ लगाने की योजना बना रहे हैं। यानी किसानों को पानी, पेड़ और पैसा तीनों मिलने की राह खुली। 9. लखीमपुर खीरी की ग्रामीण महिलाएं : पीएम ने 79वें एपिसोड में लखीमपुर खीरी की महिलाओं के कोविड के दौरान केले के बेकार तनों से फाइबर बनाने व उसका प्रशिक्षण देने की पहल का उल्लेख किया था। वहां की महिलाएं निष्प्रयोज्य केले के तने को काटकर मशीन से फाइबर तैयार कर रही थीं, जो जूट या सन की तरह होता है। इससे हैंडबैग, चटाई, दरी आदि बनाई जाती हैं। इससे एक तरफ फसल के कचरे का इस्तेमाल शुरू हो गया, वहीं दूसरी तरफ गांव में रहने वाली बहनों–बेटियों को आमदनी का एक और साधन मिल गया। इसके अलावा वे केले के आटे से डोसा और गुलाब जामुन जैसे स्वादिष्ट व्यंजन भी बना रही थीं। 10. ग्राम पंचायत पटवाई, रामपुर : मोदी ने मन की बात के 88वें संस्करण में यूपी के रामपुर की ग्राम पंचायत पटवाई का उल्लेख किया। वहां पर ग्राम सभा की भूमि पर एक तालाब था लेकिन वह गंदगी और कूड़े के ढेर से भरा था। स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों ने उस गंदे तालाब का कायाकल्प कर दिया। उस तालाब की चारदीवारी, फूडकोर्ट, फव्वारे और लाइटिंग आदि व्यवस्थाएं की गईं। 11. काकोरी रेलवे स्टेशन, लखनऊ : मन की बात के 91वें संस्करण में मोदी ने लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन का जिक्र किया। इस स्टेशन के साथ राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्लाह खान जैसे जांबाजों का नाम जुड़ा है। यहां ट्रेन से जा रहे अंग्रेजों के खजाने को लूटकर वीर क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को अपनी ताकत का परिचय कराया था। मोदी ने देश के ऐसे 75 रेलवे स्टेशनों को खूबसूरती से सजाने का आह्वान किया था। 12. शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर ललितपुर : पीएम ने मन की बात के 92वें संस्करण में ललितपुर के शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर का उल्लेख किया। निवारी ग्राम पंचायत में बना यह सरोवर 4 एकड़ में फैला है। इसके किनारे हुआ वृक्षारोपण इसकी शोभा को बढ़ा रहा हैं। सरोवर के पास 35 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया गया है, जिसे देखने के लिए दूर–दूर से लोग आते हैं। 13. कबाड़ से जुगाड़ अभियान मेरठ : मेरठ के 'कबाड़ से जुगाड़' की चर्चा पीएम ने 95वें एपिसोड में की। इस अभियान को पर्यावरण की सुरक्षा व शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़ा बताते हुए तारीफ की थी। इसमें लोहे का स्क्रैप, प्लास्टिक वेस्ट, पुराने टायर और ड्रम जैसी बेकार हो चुकी चीजों का प्रयोग किया जाता है। कम खर्चे में सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कैसे हो– इस अभियान को इसकी मिसाल बताकर तारीफ की थी। खादी के मास्क सिलने वाली सुमन बैंक सखी बनीं कोरोना काल में मास्क की किल्लत को देखते हुए महिलाओं के साथ मिलकर सिलाई मशीन से खुद ही मास्क बनाना शुरू किया। आपदा को अवसर में बदलकर सुमन महिलाओं के लिए रोल मॉडल बनीं थीं। आज वह अपने क्षेत्र की बैंक सखी हैं। चिया सीड की खेती से किसानों के रोल मॉडल बने हरिश्चंद्र सुल्तानपुर निवासी किसान हरिश्चंद्र सेना से आर्टिलरी कर्नल के पद से वर्ष 2015 में रिटायर हुए थे। उन्होंने बाराबंकी की हैदरगढ़ तहसील के सिद्धौर ब्लॉक के अमसेरुवा गांव में तीन एकड़ जमीन खरीदी। इस पर चिया सीड, ग्रीन एप्पल, रेड एप्पल बेर, ड्रैगनफ्रूड, काला गेंहू और कई प्रजाति के आलू की खेती करना शुरु किया। मन की बात में हरिश्चंद्र ने प्रधानमंत्री को बताया था कि कई किसान इस खेती के प्रति उत्सुक है। विदेशों तक जा रहा निमित्त सिंह का शहद शहद वाला के नाम से मशहूर युवा उद्यमी निमित्त सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात में छा चुके हैं। निमित्त ने प्रध ानमंत्री को शहद के कारोबार की बारीकियां बताईं तो प्रधानमंत्री ने युवाओं को इससे प्रेरणा लेने की बात कही। निमित्त ने बीटेक के बाद शहद उत्पादन कर रहे हैं। हेमंत ने कल्याणी से किया प्रवासी श्रमिकों का कल्याण प्रधानमंत्री ने कल्याणी नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए मनरेगा से हुए कार्य को आदर्श बताते हुए प्रवासी श्रमिकों के योगदान की सराहना की थी। तत्कालीन बीडीओ हेमंत यादव ने इसमें भूमिका निभाई थी। इससे कल्याणी की अविरल धारा फूट पड़ी थी। सराही झील पुनर्जीवित करने में सराहे गए थे एसडीएम राजीव पूरे डलई ब्लॉक की ग्राम पंचायत सराही की प्रवासी पक्षियों की सैरगाह रही झील सूख गई थी। 2020 की शुरुआत में रामसनेहीघाट के तत्कालीन एसडीएम राजीव शुक्ला ने बिना किसी सरकारी खर्च के सराही झील को श्रमदान से पुनर्जीवित कराया। किसानों के संवाहक बने दयाशंकर दयाशंकर ने बाराबंकी में 40–40 किसानों के क्लब बनाकर मंडी का सर्वेक्षण करवाया और किसानों की सब्जी सीधे 65 होटलों व अपार्टमेंट में भेजना शुरू की। इससे किसानों को अच्छा मुनाफा हुआ। एक एप पर आ गया पूरा गांव रायबरेली में मिर्जापुर उर्फ तौधकपुर गांव निवासी रजनीश वाजपेयी ने स्मार्ट गांव एप बनाकर उसे अपने गांव में लागू कराया। एप के जरिए गांव की सभी सूचनाएं, विकास कार्य, फोन डायरेक्टरी सहित तमाम जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं। दिव्यांग होकर भी दिव्यांगों का सहारा बने मेरठ के गेसूपुर निवासी गौतम पाल बचपन से दिव्यांग होने के बावजूद न सिर्फ खुद आगे बढ़े बल्कि दिव्यांगों का भी सहारा बने। साक्षरता अभियान के तहत 1997 से वर्ष 2000 तक मेरठ में कार्य किया। गौतम पाल गांवों में शिविर लगवाते थे और दिव्यांगों को उपकरण वितरित कराते थे। गौतम पाल शॉटपुट, जैवलिन, डिस्कस थ्रो के भी खिलाड़ी रह चुके हैं। इन्होंने राज्य स्तर पर कई गोल्ड मेडल हासिल किए हैं।

# दुस्साहसः गोरखपुर में युवती का हाथ पकड़कर शोहदों ने खींचा : चीखीं तो बरसाए थप्पड़

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला समाने आया है। यहां चिलुआताल इलाके के चार्जिंग स्टेशन के पास बुधवार देर शाम बाइक सवार शोहदों ने युवती का हाथ पकड़कर खींच लिया और छेड़खानी की। आरोप है कि विरोध करने पर शोहदों ने युवती और उसकी भाभी को थप्पड़ भी मारा। शोर पर आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता के भाई की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस ने आफताब और साहिल के खिलाफ छेड़खानी और धमकी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। खबर है कि आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। जानकारी के मुताबिक, चिलुआताल निवासी युवक ने दिए तहरीर में लिखा है कि बुधवार को उसकी बहन अपनी भाभी के साथ बाजार में दवा लेने के लिए गई थी। लौटते समय मोहरीपुर में चार्जिंग स्टेशन के पास इसी थाना क्षेत्र के बेनामा टोला महेसरा निवासी आफताब और साहिल नामक दो युवकों ने बाइक आगे लगाकर रास्ता रोक दिया। आफताब ने बहन का हाथ पकड़ लिया और खींचकर ले जाने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर उसने थप्पड़ मार दिया। सरेआम हुई इस घटना से भाभी और बहन दोनों सन्न रह गईं। इसके बाद वहां पर लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी फरार हो गए। घर पहुंचकर युवती ने आपबीती बताई, जिसके बाद भाई ने तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। शोहदों ने पहले भी की थी छेड़खानी पीड़ित भाई ने बताया कि आरोपियों ने पहले भी बहन के साथ छेड़खानी की है। लेकिन, बहन ने मुझे इसकी जानकारी नहीं दी थी। लोकलज्जा के वजह से पुलिस में शिकायत नहीं की गई थी, लेकिन बुधवार को तो शोहदों ने हद ही कर दी। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने कहा कि तहरीर के आधार पर छेड़खानी और मारपीट की धारा में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश पुलिस टीम कर रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# वैदिक मंत्रोचार के साथ भाजपा महापौर प्रत्याशी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। वैदिक मंत्रोचार के साथ भाजपा के महापौर प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी के सिविल लाईन स्थित चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा प्रदेश प्रभारी राध ाामोहन सिंह ने किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद चुनाव को लेकर सेक्टर व वार्ड के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें चुनावी रणनीति पर विचार किया गया। प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम है कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमें मेरा बूथ सबसे मजबूत के सिद्धान्त को लेकर चुनाव में जाना है। इसके लिए हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता को घर घर जाना होगा। विजय अभियान को लेकर समय का भी सही तरीके से उपयोग करना है। सरकार गरीबों के प्रति समर्पित है। गरीबों का सपना पूरा हुआ है। इस कारण से देश के गरीब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना मसीहा मानते है। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध याय के विचारों को आत्मसात करते हुए सरकार ने अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रदान किया है। गरीबों को निःशुल्क आवास, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार योजनाओं ने अयोध या के विकास हेतु हजारों करोड़ की योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। अयोध्या स्वच्छ रहे, सुन्दर रहे तथा अपने आध्यात्मिक व पौराणिक गौरव को प्राप्त करे इसके लिए महापौर व सभी सीटों पर पार्षदों की विजय आवश्यक है। भाजपा के सभी पदाधिकारी सम्पर्क व संवाद की प्रक्रिया को और तेज कर दें। विध ायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि समाज के हर वर्ग का समर्थन भाजपा को मिल रहा है। पदाधिकारी रोजाना जनसम्पर्क के माध्यम से लोगो से मिले तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी दे। प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या विश्व की सर्वोत्तम नगरी के रुप में परिवर्तित होने वाली है। जिसको लेकर आम जनता में उत्साह है। चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक विजय की ओर बढ़ रही है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वयं को प्रत्याशी मानकर चुनाव में मेहनत करें। हमें महापौर चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने का लक्ष्य के साथ सभी पार्षद का चुनाव भी जीतना है। जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी ने कहा कि बूथ तथा पन्ना प्रमुखों पर चुनाव में सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अयोध्या के विकास के लिए हजारों करोड़ की योजनाएं दी है। रामनगरी अपने त्रेतायुगकालीन वैभव को प्राप्त करने वाली है। संचालन नगर निगम चुनाव संयोजक कमलेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह, डा चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, अवधेश पाण्डेय बादल, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, शक्ति सिंह, अभय सिंह, जितेन्द्र दूबे , गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, धमेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, सत्य प्रकाश वर्मा, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्रा, तिलकराम मौर्या, अरविंद सिंह, बालकृष्ण वैश्य, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, सुप्रीत कपूर, रामनाथ जायसवाल नीरज श्रीवास्तव रिंकू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाध िकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सपा ने मेयर प्रत्याशी व पार्षदों को जिताने के लिए सभी वार्डों में चलाया जनसंपर्क अभियान

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो)सुरेंद्र कुमार ।समाजवादी पार्टी महानगर ने पूरे नगर निगम क्षेत्र में मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडे दीपू व वार्ड में पार्टी प्रत्याशियों के लिए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने पूरे नगर निगम के सभी वार्डों में घर घर जाकर अभियान शुरू किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा आज प्रदेश की सरकार से आम जनमानस परेशान है अयोध्या की जनता खासकर व्यापारी वर्ग जो की दुकानों के टूटने से बेरोजगारी और भुखमरी की कगार पर खड़े हैं इस मौके पर डॉ आशीष पांडे दीपू ने कहा आज अयोध्या नगर निगम मे बड़े हुए टैक्स से आम जनमानस परेशान और छला हुआ महसूस कर रही है इसका जवाब वह आने वाले नगर निगम के चुनाव में देगी महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया इस मौके पर मोर मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, मेयर प्रत्याशी आशीष पांडे दीपू महानगर अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव महासचिव



हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव पार्षद प्रत्याशी अपर्णा गुप्ता चौधरी बलराम यादव,नंद कुमार गुप्ता नंदू, शक्ति जैसवाल, दुर्गेश वर्मा, इकबाल अंसारी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचे –डॉ. दिग्विजय सिंह

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में गुरुवार को साइबर अपराध और युवा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर वक्ता साइबर क्लब के नोडल अधिकारी एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि साइबर अपराधियों की नजर सभी इंटरनेट यूजर्स पर है। इन साइबर अपराधियों से हमें बस जागरूकता ही बचा सकती है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे युवा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं। साइबर अपराधी इन सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित कर साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ0 राठौर ने युवाओं से कहा कि युवा सोशल मीडिया पर अपने व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने की एक लक्ष्मण रेखा खीचें। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन और साइबर सेल को विशेष निर्देश दे रखे हैं। वित्तीय धोखाधड़ी होने पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने फेसबुक क्लोनिंग, फेसबुक हैकिंग, हनी ट्रैपिंग, ऑनलाइन फर्जी विज्ञापन से बचने के लिए टिप्स दिए। कार्यक्रम में एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि वर्तमान साइबर अपराधी काफी सक्रिय है। लोगों द्वारा अनचाही सोशल साइट्स का प्रयोग करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आये दिन आपके मोबाइल मैसेज व एप्लीकेशन ओपेन करने के आप्सन आते रहते है। ओपेन करने के पहले जॉचकर कर एप्लीकेशन व मैसेज रिसिव करे। आगे उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम से जागरूक करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे जागरूक होकर काफी हद तक अपनी निजता की सुरक्षा कर सकते है। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ0 अनिल कुमार विश्वा द्वारा अतिथि का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मो. अजमल, हार्दिक यादव, सर्वेश द्विवेदी, गीताजंलि मिश्रा, तान्या सिंह, गारिमा त्रिपाठी, पलक शुक्ला, शिवानी पाण्डेय, दीव्यांशु यादव, रिसाली, दीक्षा, आशु, सौरभ मिश्र, त्रिपदा त्रिपाठी, स्वाति सिंह, मुस्कान, उदिशा, आस्था, अंतिमा सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# गांधी पार्क में हुई भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। पूरे मंडल में भारतीय किसान यूनियन को गांव–गांव तक पहुंचाने हेतु लिया संकल्प लिया गया। गुरूवार को भारतीय किसान यूनियन अयोध्या मंडल अयोध्या की मासिक पंचायत मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा (बाराबंकी) की अध्यक्षता में गांधी पार्क सिविल लाइंस में संपन्न हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन कि गांव कमेटी से लेकर राष्ट्र कमेटी तक मजबूत करना है जिसके लिए गांव में जागरण की पंचायत करके, सदस्यता अभियान चलाकर गांव कमेटियां गठित की जाए, गांव कमेटी संगठन की रीढ़ होती है यदि गांव कमेटी मजबूत रहती है तो संगठन तन और धन से पूरी तरह से मजबूत रहता है। और किसानों तथा कार्यकर्ताओं के मान, सम्मान, स्वाभिमान व समस्या समाधान के लिए पूरी मजबूती के साथ आंदोलन किया जाए। मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन को गांव–गांव तक पहुंचा कर किसानों को मान सम्मान स्वाभिमान तथा अपनी समस्या समाधान के लिए आंदोलनकारी बनाना है। पंचायत में नफीस चंदेल मंडल प्रवक्ता,वीरेंद्र सिंह मंडल उपाध यक्ष , गिरीश चंद्र वर्मा ,राम गणेश मौर्य जिला अध्यक्ष अयोध्या, विनय कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष अंबेडकरनगर, अवधेश मौर्य जिला अध्यक्ष अमेठी, भागीरथी वर्मा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अयोध्या, देवी प्रसाद वर्मा, रंजीत कोरी, डॉ आर एस सरोज, दशरथ सिंह, संतोष वर्मा, रामप्रताप गुप्ता, संकटा प्रसाद, रामावती, शीला देवी, उर्मिला निषाद, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद अयूब, राजकुमारी रविंद्र कुमार आदि कई दर्जन लोग उपस्थित थे।

## 22 जनवरी 2024 को मंदिर के गर्भगृह में हो सकती है रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने अधिवेशन में जानकारी दी है, 22



जनवरी 2024 को पूर्ण अनुष्ठान कराया जाएगा ।अक्टूबर तक रामलला की मूर्ति और गर्भ गृह का निर्माण पूर्ण रूप से कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। भूतल पर सिर्फ रामलला विराजमान होंगे। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रथम तल पर राम दरबार होगा। शिखर आसन और दरवाजे में सोने का प्रयोग किया जा रहा है। गर्भ गृह तक पहुंचने के लिए 34 सीढ़ियां बनाई गई है। रामलला की मूर्ति अयोध्या में ही बनेगी। 5 वर्ष के बालक जैसी होगी रामलला की मूर्ति होगी।

# 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल व 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार ।जनपद अयोध्या में चलाये जा रहे विशेष अभियान अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के अंतर्गत थाना कोतवाली अयोध्या के प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित टीम के कुशल नेतृत्व में तीन अभियुक्त मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया गया है। अभि0 1. सत्यम प्रजापति पुत्र राम अछैवर निवासी जियापुर थाना कुरेभार जनपद सुलतानपुर 2. संतोष यादव पुत्र स्व0 एकादशी यादव निवासी मिर्जापुर माफी थाना को0 अयोध्या जनपद अयोध्या 3.श्याम जी पुत्र राम कुमार शर्मा निवासी मिर्जापुर माफी थाना को0 अयोध्या जनपद अयोध्या को दिनांक 28.04.2023 मोलनापुर शंकरगढ़ खंड़जा मार्ग 02 अदद चोरी की गयी मोटरसाइकिल सहित आदतन चोर को गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली अयोध्या से मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगणों को सम्बंधित माननीय न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त के पास से एक अदद होण्डा ड्रीम मोटर साईकिल (रंग लाल काली) रजि. न. UP 32 EV 7644 चेचिस नम्बर MEJC583CD8245120 इन्जन नम्बर JC58E81243767 2. एक अदद मोटर साईकिल हीरो ग्लैमर (रंग सिल्वर दूहरा व काला) रजि. न. UP 31 AQ 7143 चेसिस नम्बर MBLJA06AMGGH 4385 तथा इन्जन नम्बर JA066JGGH56111 की मोटरसाइकिल बरामद की गई।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।